हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 13 मार्च, 2020/23 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 49

मकान निर्माण स्वीकृति

***2707 श्री सुभाष ठाकुर(बिलासपुर) :**
श्री राजिन्द्र गर्ग(घुमारवीं) :

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा लाभार्थियों को जो मकान स्वीकृत किए जाते हैं या मकानों की मरम्मत की जाती है, ऐसे लाभार्थियों की संख्या बहुत कम है; यदि हां, तो सरकार इनकी संख्या बढ़ाने का विचार रखती है?

पाठशालाओं का समायोजन

***2708 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में ऐसी कितनी पाठशालाएं हैं जहां विद्यार्थियों की संख्या 20 से कम है; और

(ख) क्या सरकार इन पाठशालाओं का समायोजन करने का विचार रखती है; यदि हां,तो कब तक; यदि नहीं,तो कारणों सहित पूर्ण ब्यौरा दें?

Income Criteria

***2709 Sh. Vinay Kumar(Sri Renukaji) :**
Sh. Pawan Kumar Kajal(Kangra) :

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that what is the income criteria for availing benefits of various schemes under Social Justice & Empowerment Department and will the Government increase the exsiting income criteria to Rs. 60000/annum?

खनन पट्टों की नीलामी

***2710 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यमुना, गिरी व सुंकर नदी में कितने खनन पट्टों की नीलामी की गई है; ब्यौरा दें?

फोरलेन निर्माण

***2711 श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :**
श्री परमजीत सिंह(दून) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) पिंजौर-बद्दी-नालागढ़ फोरलेन के कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण तथा निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(ख) बरोटीवाला-शालाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाऐगा; ब्यौरा दें?

बी0पी0एल0 परिवार

***2712 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 01 जनवरी, 2018 को प्रदेश में कितने परिवार गरीबी रेखा से नीचे थे तथा दिनांक 31 जनवरी, 2020 को कितने हैं; और

(ख) गरीबी रेखा से नीचे की संख्या को एक लाख से कम करने के लक्ष्य को हासिल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Vacancy Position

*2713 Sh. Inder Singh (Balh):

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state whether it is a fact that posts of different categories are lying vacant in MC Nerchowk; if yes, by when these posts will be filled up?

हिमकेयर/ आयुष्मान योजना

*2714 **श्री राकेश जम्वाल(सुन्दरनगर) :**
श्री अर्जुन सिंह(ज्वाली) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) हिमकेयर योजना कब शुरू हुई और इस योजना के अन्तर्गत कितने लोगों का पंजीकरण हुआ तथा कितने लोगों द्वारा इसका लाभ उठाया गया; ब्यौरा धनराशि सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि हिम केयर योजना के अंतर्गत आपात स्थिति में कार्ड होल्डर को चिकित्सा सहायता लेने के लिए लंबी प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ता है ; यदि हां, तो सरकार इस प्रक्रिया को सरल करने का विचार रखती है; और

(ग) गत दो वर्षो में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक राष्ट्रीय आयुष्मान व हिमकेयर योजनाओं के अन्तर्गत ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने परिवार इन योजनाओं के तहत पंजीकृत हुए तथा कितने लाभान्वित हुए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

Sports Complex

***2715 Sh. Anil Sharma (Mandi):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state whether it is a fact that the Government is planning to construct a Sports Complex at District Headquarter Mandi Town; if yes, by when?

मार्केट फीस

***2716 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला चम्बा कि जो इमारती लकड़ी मंडलीय प्रबंधक हिमकाष्ठ विक्रय सेल डिपो नूरपुर द्वारा खुली नीलामी में बेची जाती है; उसकी 1 % मार्केट फीस मंडलीय प्रबंधक नूरपुर द्वारा कांगड़ा मार्केट कमेटी के पास जमा करवाई जाती है जबकि यह फीस चम्बा मार्केट कमेटी को मिलनी चाहिए; और

(ख) यदि हां, तो कितनी मार्केट फीस जिला मार्केट कमेटी कांगड़ा के पास जमा हुई तथा कब तक यह धनराशि मार्केट कमेटी, जिला चम्बा को प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

पुल निर्माण

***2717 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भाम्बला में जबोठी खड्ड पर पुल का निर्माण प्रस्तावित है; यदि हां, तो इससे कितनी पंचायतें लाभान्वित होंगी; और

(ख) इसका निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

गौ सदन

*2718 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला बिलासपुर में किन-किन पंचायतों में गौ सदन बनाए जा रहे हैं; इनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) इन गौ सदनों के लिए मन्दिर ट्रस्टों से कितनी धनराशि प्राप्त हुई है; ब्यौरा दें?

Sanctioned Funds

*2719 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 2 years upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned and spent under MMGSY in Shimla Rural Constituency; details be given road-wise?

Employment on Compassionate Grounds

*2720 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-
(a) during the last 3 years upto 31.01.2020, how many employees of the HRTC have died while on duty; details of out sourced and contract employees or any other employees be given with date and cause of death; and

(b) has the dependent of such deceased employees got compassionate employment and family pension as per the pension rules; if not, reasons for the same be given?

नियमितीकरण

***2721 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि ए0के0एस0/आर0के0एस0 के अन्तर्गत राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा में कांन्ट्रैक्ट पर आहारज्ञ (Dietician) नियुक्त किया गया है; यदि हां, तो सरकार इसे नियमित करने हेतु क्या पग उठा रही है?

उठाऊ पेयजल योजना सकोडी

***2722 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि उठाऊ पेयजल योजना सकोडी का कार्य लंबित है; यदि हां, तो इसे कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

उद्योगों का ब्यौरा

***2723 श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**
श्री बलबीर सिंह(चिन्तपुरनी) :

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31-01-2020 तक कितनी सरकारी व गैर-सरकारी भूमि उद्योगपतियों को दी गई; जिलावार ब्यौरा उद्योगपतियों के नाम व भूमि आवंटन के विवरण सहित दें;

(ख) प्रदेश के प्रत्येक जिले में कितने उद्योग पंजीकृत हैं; वर्तमान में कितने पंजीकृत उद्योग चल रहे हैं तथा कितने बंद हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) जो उद्योग बन्द पड़े हैं क्या सरकार उन प्लॉटों को पुनः आवंटित करने का विचार रखती है?

उप-तहसील कार्यालय

***2724 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लम्बलू में नई उप-तहसील के कार्यालय को कब तक कार्यशील कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

पैरोल

***2725 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में पैरोल के अन्तर्गत कैदी को एक वर्ष में अधिकतम कितनी छुट्टियां दी जा सकती हैं;

(ख) जिन कैदियों को उम्र कैद की सजा हुई है उनकी सम्पत्तियों की सुरक्षा हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) गत 3 वर्षों में अच्छा व्यवहार प्रदर्शित करने वाले कैदियों की सजा कम करने हेतु जेल विभाग/बोर्ड द्वारा कितनी बैठकें की गई तथा कितने कैदियों को सजा अवधि से पूर्व रिहा किया गया; ब्यौरा दें?

आई0टी0आई0

***2726 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) डोडरा क्वार, समरकोट व चिड़गाँव आई0टी0आई0 में कितने ट्रेड हैं; प्रत्येक आई0टी0आई0 में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या कितनी है तथा इनके भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इनमें कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Doctor's Residences

***2727 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

that how much funds have been sanctioned for the construction of residences for Doctors of Civil Hospital Palampur and by when the work will be started?

AMRUT Yojna

***2728 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of construction of parking under AMRUT Yojna in Kullu town proposed opposite to Sarwari Bus stand; and

(b) what is the latest position of Lift (to connect Kullu Courts), Flyover, Bridges and Underground Paths proposed under AMRUT Yojna?

स्ट्रीट लाइटें

***2729 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ADB के अन्तर्गत स्थापित स्ट्रीट लाइटें गत 2 साल से बन्द पड़ी है; और

(ख) सरकार इन्हें दोबारा चालू करने या सोलर लाइटों में परिवर्तित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; ब्यौरा दें?

बाधित सड़कें

***2730 श्री मुलख राज(बैजनाथ) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत छोटा भंगाल में हिमपात के कारण कौन-कौन सी सड़कें बाधित होती हैं;

(ख) बर्फ को हटाने हेतु विभाग के पास क्या-क्या मशीनरी उपलब्ध है और क्या यह मशीनरी चालू हालत में है;

(ग) क्या सरकार बैजनाथ मंडल को नई मशीनरी व वाहन प्रदान करने का विचार रखती है; और

(घ) बल्ह- रैनाबारी सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा और इस सड़क को यातायात हेतु कब तक खोल दिया जाएगा?

सड़क निर्माण

*2731 **श्री किशोरी लाल (आनी)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में चकलोट-चुनागई सड़क का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

पेयजल/सिंचाई योजनाएं

*2732 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में कितनी पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं हैं;

(ख) जल शक्ति विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) Dying Cadre में कितने पद श्रेणीवार डाले गए; ब्यौरा दें?

Bus Routes

*2733 **Sh. Nand Lal(Rampur) :**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) how many bus routes are non-functional in Rampur Assembly Constituency;

(b) how many buses are allotted and how many are short in Rampur Depot and by when the buses will be provided; and

(c) what is the total strength of Drivers & Conductors in Rampur Depot ; what steps have been taken by the Government to fill up these vacant posts?

भंजवाणी-चांदपुर पुल निर्माण

***2734 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भाखड़ा डैम के निर्माण के बाद पानी में डूब गए भंजवाणी-चांदपुर पुराने पुल के स्थान पर सरकार नया पुल निर्माण करने का विचार रखती है?

कोल्ड स्टोर

***2735 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दधोल कोल्ड स्टोर निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व कितनी व्यय की गई है तथा इसका कितना कार्य शेष है; इसके लिए कितनी भूमि किस दर पर लीज पर ली गई या क्रय की गई है; और

(ख) इस कोल्ड स्टोर को किस उपयोग में लाया जा रहा है; ब्यौरा दें?

मैडिकल कॉलेज में आरक्षण

***2736 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आर्युविज्ञान महाविद्यालयों में अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को तिब्बतियों और कश्मीरी विस्थापितों की तर्ज पर मात्र 2 ही सीटें दी जा रही हैं जबकि स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत चल रहे बी0एस0सी0 नर्सिंग तथा हिमाचल तकनीकी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग को 18 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इस विसंगति को दूर करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सड़कों का निर्माण कार्य

*2737 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण मण्डल नाहन, पांवटा साहिब व संगड़ाह के अंतर्गत कितनी सड़कों पर कार्य चल रहा है और कितनी पर बंद पड़ा है;

(ख) संगड़ाह डिवीजन के अंतर्गत तीरमलटी से देवना सड़क का कार्य कब से बंद पड़ा है और किन कारणों से बंद पड़ा है; और

(ग) सरकार इन कार्यों को पुनः आरम्भ करने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सम्पर्क मार्ग का निर्माण

*2738 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि लोक निर्माण मंडल शिलाई के अन्तर्गत सम्पर्क मार्ग बनौर-नगाली-तिलोरधार व सम्पर्क मार्ग सालवाला-कंडेला नाबार्ड के माध्यम से स्वीकृति हेतु लम्बित पड़े हैं; यदि हाँ, तो इनके निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

पुल निर्माण

*2739 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार उप-मंडल नालागढ़ के अन्तर्गत सैणीमाजरा से ग्राम प्लासीकलां सम्पर्क मार्ग में सरसा नदी पर पुल निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

भवन निर्माण

*2740 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरोटीवाला व चंडी भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा इन भवनों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सड़कों की स्थिति

***2741 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हरोली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत टाहलीवाल-वाथड़ी सड़क, पालक वाह-पोलियां और जेजों वाली सड़क, पंडोगा-होशियारपुर रोड़ और घालूवाल-कर्मपुर सड़क खनन माफिया ने क्षतिग्रस्त कर दी हैं; यदि हां, तो क्या लोक निर्माण विभाग ने खनन माफिया के ख़िलाफ़ एफ0आई0आरज0 दर्ज़ करवाई हैं?

पोडा (PODA)

***2742 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक पोडा (PODA) के तहत कितनी धनराशि किन-किन गरीब लड़कियों की शादी व अन्य कार्यों के लिए दी गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

Sakodi Khud bypass

***2743 Sh. Anil Sharma (Mandi):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that funds for the construction of bypass alongside Sakodi Khud have been sanctioned; if yes, by when the construction work will be started?

औद्योगिक प्लांट

***2744 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला मण्डी के भाम्बला में स्थित औद्योगिक क्षेत्र में कितने औद्योगिक प्लांट हैं; इन प्लांटों पर क्या कार्य किया जा रहा है तथा कितने

उद्योग चलाए जा रहे हैं; इनमें से कितने खाली हैं; ब्यौरा दें?

साइंस लैब निर्माण

***2745 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल में साइंस लैब का कार्य कब शुरू किया गया; और

(ख) इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Tradi-Shimla Bus

***2746 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is fact that demand for plying of bus service from Tradi to Shimla was agreed to on 5th January, 2020 in a Jan Manch Programme held at Shogi; and

(b) if yes, by when this bus service will be started?

Shoe Scam

***2747 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Court has ordered the reinvestigation of the Rs 1.27 crore scam of shoe purchase by the Police Department during the year, 2010;

(b) what were the lapses in the shoe purchase which led to the case being handed over to the SV&ACB; and

(c) what were the reasons for the delay in the investigation of the case and how appropriate will it be to reinvestigate the case by the same agency?

भूमि अधिग्रहण

*2748 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग-1 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दरोगन पती कोट के गाँव ठाना और दरोगन में सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण करने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

सराय भवन

*2749 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सत्य है कि ज़िला किन्नौर के हाइड्रो प्रोजैक्टस की L.A.D.C. ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर बोधगया में निर्माणाधीन सराय भवन के किचन व टॉयलेट निर्माण के लिए अतिरिक्त धनराशि मंज़ूर की है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस सन्दर्भ में सरकार से अनुमति मांगी गई है परन्तु सरकार द्वारा अनुमति प्रदान नहीं की गई है; अनुमति प्रदान न करने के कारणों सहित ब्यौरा दें?

Relief to Farmers

*2750 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the criteria for providing relief to farmers in case of unnatural death of their animals; and

(b) during the last 2 years upto 31.01.2020, how many cases of unnatural deaths have been reported and how much relief has been provided to them?

स्थानान्तरण

*2751 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2018 से दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक डोडरा-क्वार उपमण्डल के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न कार्यालयों से कितने स्थानान्तरण हुए हैं; कितने पद भरे गए व कितने रिक्त हैं; विभागशः ब्यौरा दें?

Renovation/ Beautification

*2752 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state during the last 2 years upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned for the renovation/beautification/construction of Holi Kala Manch and Shaheed Captain Vikram Batra Ground at Palampur; by when the work will be started?

मलबे से खतरा

*2753 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लंका बेकर वार्ड-9 से मलबा उठाकर व्यास के बायाँ तट पर फैंका जा रहा है; यदि हां, तो सरकार दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई कर रही है?

स्थानांतरण

*2754 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) लोक निर्माण विभाग के उप-मंडल नगरोटा बगवां का मंडल धर्मशाला से तथा मंडल कांगड़ा के अधीन नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की पंचायतों के मंडल टांडा स्थित नगरोटा बगवां में समाहित होने के उपरांत भी जो कर्मचारी उप-मंडल नगरोटा बगवां में तैनात थे, को किन कारणों से मंडल टांडा स्थित नगरोटा बगवां में पद सहित स्थानांतरित नहीं किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) इन कर्मचारियों को कब तक लोक निर्माण विभाग मंडल टांडा स्थित नगरोटा बगवां में स्थानांतरित किया जाएगा?

भवन निर्माण

***2755 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी के भवन निर्माण तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दलाश में साईंस ब्लॉक के निर्माण के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 26 फरवरी, 2020 . **सचिव।**